13982 - क्या गर्भाशय ग्रीवा से नमूना लेने से रोज़ा रखने वाली महिला का रोज़ा टूट जाता है?

प्रश्न

क्या रोज़ेदार महिला के लिए "स्मियर टेस्ट" करवाना जायज़ है, जिसमें नर्स गर्भाशय ग्रीवा (**सर्विक्स**) से एक नमूना (स्मीयर) लेती है ?

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

यदि रोज़ेदार महिला के लिए स्मीयर टेस्ट कराने और गर्भाशय ग्रीवा (**सर्विक्स**) से नमूना लेने के परिणामस्वरूप वीर्य का उत्सर्जन होता है, तो इससे रोज़ेदार महिला का रोज़ा टूट जाएगा क्योंकि इसमें वासना पाया जाता है। अगर यह वासना के बिना मात्र नमूना लेना है, तो इससे उसका रोज़ा नहीं टूटेगा। लेकिन उसे रात में रोज़ा खोलने के समय तक विलंबित करना बेहतर है।